महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार)

वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन–456006 (म.प्र.)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan

(Ministry of HRD, Govt. of India)

Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

पत्र सं. 5-114/2020(शै.)/मसारावेविप्र/ 923 दिनांक 11-08-2020

अधिसूचना 923

महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान से वित्तपोषित/अनुदानित गुरु शिष्य परम्परा इकाइयों को वेद पाठशाला योजना में परिवर्तित करने सम्बन्धी अधिसूचना

दिनांक 17-7-2020 को आयोजित शासी परिषद में लिये गये निर्णयानुसार महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान से वित्तीय सहायता प्राप्त कर रही गुरु शिष्य परम्परा इकाइयाँ जो गुरु अथवा किसी संस्था के अधीन चल रही है उनके लिए गुरु शिष्य परम्परा इकाई से वेद पाठशाला योजना में परिवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

प्रतिष्ठान से सम्बद्ध एवं अनुदानित गुरु शिष्य परम्परा इकाइयाँ जहाँ पर वेद पाठशाला संचालित करने की सम्पूर्ण व्यवस्था जैसे- छात्रों के लिए आवास, भोजन की समुचित व्यवस्था एवं आधुनिक विषय के अध्यापन हेतु अध्यापक व्यवस्था तथा वेद पाठशाला योजना दिशा-निर्देश में उल्लेखित अन्य व्यवस्था अत्यन्त उत्कृष्ट कोटि की हो, ऐसी 3-4 गुरु शिष्य परम्परा इकाइयों को मिलाकर छात्रों सहित वेद पाठशाला योजना में परिवर्तित किया जा सकता है।

एक बार गुरु शिष्य परम्परा इकाई से पाठशाला योजना में परिवर्तन के पश्चात किसी भी परिस्थिति में स्वतंत्र इकाई में पुनः जाने की स्वीकृति प्रदान नहीं की जाएगी। कम से कम तीन-चार गुरु शिष्य परम्परा इकाइयों को जोड़कर एक वेद पाठशाला में परिवर्तित किया जा सकता है। संस्था एवं प्रत्येक गुरु का सहमति पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

पाठशाला योजना के दिशा-निर्देश एवं निर्धारित आवेदन-पत्र संलग्न है। आवेदन-पत्र सम्पूर्ण प्रपत्र सहित दिनांक 15-09-2020 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा ईमेल आईडी msrvvpujn@gmail.com पर प्रेषित करें।

भवदीय,

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिप :- प्रतिष्ठान की वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु।

दूरभाष (0734)2502266, 2502254, 2502255 **फैक्स** (0734-2502253)
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in